पंजाब केसरी 07/09/2022

# जी.एम.एन. कालेज में विद्यार्थियों ने किया ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन




*प्रिंसीपल का स्वागत करते कालेज प्रोफैसर व कार्यक्रम के दौरान मौजूद नए सेशन के विद्यार्थी।* (देवदत्त)

अम्बाला छावनी, 6 सितम्बर (कोचर): कैंट के जी.एम.एन. कालेज के प्रबंधन विभाग द्वारा बी.बी.ए. प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया, इसमें 50 से अधिक विद्यार्थी उपस्थित थे। इस मौके पर स्नातक विद्यार्थियों ने परंपरागत तरीके से अपने नए विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए उन्हें भारतीय परंपरा के अनुसार तिलक लगाया और मुंह मीठा करवा कर उनका अभिनंदन किया।

प्राचार्य डा. वी.के. जैन ने छात्रों को उनकी योग्यता के आधार पर प्रतिष्ठित महाविद्यालय में प्रवेश पाने के लिए बधाई दी। इस अवसर पर कालेज के वरिष्ठ छात्रों ने अपने अनुभव सांझा किए।

डा. रवनीत ने पी.पी.टी. के माध्यम से कॉलेज के विषय में वरिष्ठ जानकारी दी और विद्यार्थियों के मनोबल एवं बौद्धिक विकास के लिए डा. अमिता ने अपने विचार रखे। विभागाध्यक्ष डा. भारती विज ने छात्र छात्राओं का हौंसला बढ़ाया। इस मौके पर डा. रवनीत कौर, डा. अमिता और पिंकी गुप्ता उपस्थित रहे।